दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-pariihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 94 | छतरपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## ट्राले की टक्कर से बस खाई में गिरी

### एक बच्चे की मौत, 19 घायल, तीन ग्वालियर रेफर





छतरपुर। बमीठा थाना अंतर्गत बागेश्वर धाम के पास हाईवे पर टायर फटने से बेकाबू ट्रॉले ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बस खाई में जा रही। हादसे में 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जबकि 19 यात्री घायल हुए हैं। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। हादसा बमीठा थाना इलाके की बागेश्वर चौकी क्षेत्र में रविवार देर रात करीब 11:45 बजे हुआ। मौके से गुजर रहे बाइक सवारों ने बस को पलटते देखा और गश्त कर रहे पुलिस एसडीओपी को सूचना दी। घायलों को बस से निकालकर एनएचएआई की एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया।

खजुराहो एसडीओपी सलिल शर्मा ने बताया, हम रविवार रात गश्त पर थे। बागेश्वर धाम चौराहा के पास 2 लोगों ने आवाज लगाकर बताया कि ट्रॉले ने रीवा से ग्वालियर जा रही बस नंबर एमपी 35 पी 0273 को टक्कर मार दी है। मैंने ड्राइवर और दो लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे में 13 साल के समर पिता दिनेश राठौर की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी रामेश्वर पटेल ने कहा, हम दो लोग बाइक से बागेश्वर धाम से गंज जा रहे थे। 100 मीटर दूर पहुंचे थे तो देखा कि ट्रॉले का टायर फटा और वह बस से टकरा गया। बस गड्ढे में पलट गई। हमने पुलिस की गाड़ी को देखकर उन्हें सूचना दी। एक बच्चा बस के नीचे दबा हुआ था। पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को बस से निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

#### ***3 गंभीर घायल ग्वालियर रेफर***

डॉ. रोशन द्विवेदी ने बताया कि रात में 20 लोग जिला अस्पताल लाए गए थे। इनमें से तीन गंभीर घायलों को प्राथमिक इलाज देकर ग्वालियर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया है। हादसे में एक बच्चे की मौत हुई है।

#### ***दिवाली पर घर जा रहा था समर***

पुलिस ने बताया कि भिंड निवासी समर अपने पिता के साथ बस में पीछे की सीट पर बैठा था। दोनों रीवा से ग्वालियर जा रहे थे। दिनेश के दो बेटे हैं। समर छोटा था। इसी साल रीवा के सैनिक स्कूल में सिलेक्ट होकर कक्षा 6वीं में पढ़ रहा था। दिवाली की छुट्टियों में पिता के साथ घर जा रहा था।

हादसे में बेटे को खोने वाले दिनेश राठौर ने सिसकते हुए कहा- बेटा रीवा के सैनिक स्कूल में पढ़ता था। दो दिन पहले उसने फोन किया कि दीपावली की छुट्टियां हैं, पापा मुझे लेने आ जाओ। मैं बेटे को लेकर बस से आ रहा था। तभी छतरपुर के बागेश्वर धाम के पास एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद लोग चिल्ला रहे थे। मैं अपने बेटे को इधर-उधर ढूंढ रहा था। वह बस के नीचे दबा दिखा। मैंने लोगों से मदद के लिए कहा। चिल्लाया कि मेरे बेटे को निकालो, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। काफी देर बाद बेटे को निकाला गया। जब तक उसने दम तोड़ दिया। दिनेश ने रोते हुए कहा- बेटे को समय पर बस के नीचे से निकाल लिया होता तो वह बच जाता।

#### ***ये यात्री हुए घायल***

आइबिल पसना पिता अलिक जेंडर उम्र 49 वर्ष जिला पन्ना, नीरज सिंह गुर्जर पिता सियाराम उम्र 41 जिला पन्ना, माताप्रसाद गौतम पिता बांकेलाल उम्र 47 हाथरस उत्तरप्रदेश, ललित कुमार गौतम पिता रामदीन उम्र 45 हाथरस उत्तरप्रदेश, गंगाराम पिता हरिराम उम्र 30 जिला बबीना, राकेश पिता लालमन उम्र 30 जिला रीवा, रामदीन शर्मा पिता रामगोपाल उम्र 55 खुरदई, आकाश पिता मनीज जगत उम्र 22 निवासी चिनैनी, सुमित सेन पिता शंकर उम्र 30 जिला सतना, संजय उम्र 45 वर्ष, सुजीत पिता राजकुमार उम्र 31 वर्ष, राजकुमार उम्र 59 वर्ष, मुहम्मद याकूब पिता इमाम बक्स उम्र 45 वर्ष, पंकज उम्र 50 वर्ष, प्रमोद पिता मुरलीधर उम्र 42 वर्ष, सुधीर सिंह पिता रामबीर उम्र 28 वर्ष, बंसराज आदिवासी पिता सम्पत उम्र 55 वर्ष जिला सतना, अंजू आदिवासी पति रामबली उम्र 42 वर्ष, राजकली आदिवासी पति मनसुख उम्र 50 वर्ष घायल हुए हैं।

वहीं माता प्रसाद गौतम पिता बांके लाल उम्र 47 वर्ष निवासी हाथरस उत्तरप्रदेश, ललित कुमार पिता रामदीन गौतम उम्र 47 वर्ष निवासी हाथरस उत्तरप्रदेश एवं गंगाराम पिता हरिराम उम्र 30 वर्ष जिला बबीना को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज ग्वालियर रिफर किया गया है।

#### ***बस दुर्घटना में हुए घायलों को देखने कलेक्टर जिला अस्पताल पहुंचे***

खजुराहो झांसी फोरलेन ग्राम गंज के पास रीवा से ग्वालियर जा रही बस और ट्रक की विगत देर रात्रि को भिड़ंत होने पर लगभग 20 लोग घायल हुए हैं और भिंड निवासी एक 14 वर्षीय बच्चे समर राठौर की दुःखद मृत्यु हुई है। 3 गंभीर घायलों को ग्वालियर रैफर किया गया गया। 9 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। शेष निजी अस्पताल में उपचाररत है।कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना एवं डॉक्टर को बेहतर उपचार और निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान एसडीएम अखिल राठौर, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. जी. एल. अहिरवार, बीएमओ सहित डॉक्टर उपस्थित रहे।

## धनतेरस पर इष्टदेवी माँ शारदा की शरण में जायेंगे परिहार

छतरपुर। दैनिक परिहार गर्जना के संपादक रामबाबू सिंह परिहार धनतेरस के दिन आज मंगलवार को अपनी इष्टदेवी माँ शारदा की शरण में जायेंगे, जहां वे सपरिवार अपनी इष्टदेवी की आराधना कर उनका आशीर्वाद लेंगे। मैहर रवाना होने के पूर्व श्री परिहार ने बताया कि वे अपनी इष्टदेवी माँ शारदे की शरण में जाकर उनकी आराधना करेंगे तत्पश्चात भगवान सत्यनारायण की कथा श्रवण कर कन्याभोज करोंगे।

#### ***जय माई की चिंता काहे की***

श्री परिहार ने बताया कि कलयुग में माँ शारदा प्रत्यक्ष रूप से हैं जो अपने भक्तों पर कृपा बरसाती रहती हैं। जिस शारदा माई की आल्हा उदल आज भी पूजा करते हों भला उस माई की जिस पर कृपा हो उसे किसी बात की चिंता नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि माँ शारदा का उन पर हमेशा आशीर्वाद रहा है और आगे भी उनका आशीर्वाद बना रहे ऐसी कामना को लेकर मैं सपरिवार उनके दरवाजे पर दस्तक देने जा रहा हूं।



## नदी में युवक के साथ छलांग लगाने वाली युवती की शिनाख्त नहीं

हरपालपुर। युवक के साथ छलांग लगाने वाली युवती की सोमवार को भी शिनाख्त नहीं हो सकी। हरपालपुर थाना पुलिस ने उसकी तस्वीर आसपास के थानों समेत उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर समेत अन्य स्थानों पर भेजी लेकिन अभी तक शिनाख्त कराने में नाकामयाब रही।

उधर रविवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया हालांकि अभी भी उन दोनों के सुसाइड करने की वजह साफ नहीं हो सकी है। थाना पुलिस मामले की जाँच कर रही है। शनिवार दोपहर 11 बजे के लगभग चंबल एक्सप्रेस में सवार यूपी के झाँसी जिले के मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के झांकरी गांव निवासी युवक ने युवती संग धसान नदी में छलांग लगा दी। जहाँ युवक का शव पुल के पिलर में फंसा था तो युवती का शव धसान नदी में पानी मे उतरा रहा था रेल्वे कर्मचारी की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोंनो शवों को बरामद किया था।

# आभार महिला समिति द्वारा साइबर क्राइम प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। आभार महिला समिति छतरपुर द्वारा ब्लॉक लवकुशनगर के 15 ग्रामों में संचालित एक कदम प्रोग्राम अन्तर्गत प्रषिक्षण का आयोजन किया जा रहा जिसमें दिनांक 25/10/2024 को ग्राम पंचायत टहनगा,में विलेज सेशन ट्रैनिंग ऑन वेरियस सब्जेक्ट= साइबर क्राइम, लीगल प्रोसेस, वूमेंस राइट्स डोमेस्टिक वॉयलेंस, फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस विषय अन्तर्गत ट्रैनिंग आयोजित की गई । जिसमें एस आई मीनू खरे, प्राचार्य बी . के . चौरसिया, सरपंच रामदीन अहिरवार, सचिव तोड़न सिंह, शिक्षक अजय अवस्थी, नितिन विश्वकर्मा, बी डी नामदेव, अनुराधा बिंदुआ एवम् आभार महिला समिति अध्यक्ष श्रीमति प्रभाती खरे, प्रदीप खरे एवम् समस्त स्टाफ उपास्थित हुआ।। एसआई मीनू खरे जी द्वारा बच्चों को मोबाइल,कंप्यूटर, ह्ल्ह्लक्क जैसे महत्वपूर्ण विषय पर समझाइश दी। प्राचार्य बी डी नामदेव द्वारा शिक्षा, शासकीय योजना आदि विषय पर समझाया।। कार्यकर्म को सभी उपस्थित पधाधिकारियो द्वारा सफल बनाया गया।

# बकस्वाहा में नवनियुक्त सीएमओ नेहा शर्मा ने संभाला पदभार, विकास के लिए जताई प्रतिबद्धता

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। बकस्वाहा नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर नेहा शर्मा ने आज कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद, नेहा शर्मा ने नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती किरणवृजगोपाल सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और नगर के विकास व समस्याओं को लेकर संवाद किया। अपने पहले ही संवाद में उन्होंने नगरवासियों को आश्वस्त किया कि उनका उद्देश्य नगर के रुके हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। नेहा शर्मा की नियुक्ति से नगर में स्वच्छता, पेयजल, सड़क सुधार, और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने वादा किया कि नगर के सभी रुके हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और नगर के प्रत्येक क्षेत्र में उनके नेतृत्व में सकारात्मक बदलाव आएगा। नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारना और नागरिकों के लिए सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सभी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर और गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। उनके कार्यभार संभालने से नगरवासियों को एक सशक्त और सुव्यवस्थित प्रशासन की उम्मीद है, जो नगर के विकास को नई दिशा देगा।




# नवागत थाना प्रभारी ने आयोजित की शांति समिति की बैठक

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुश नगर। आगामी त्यौहारों को मद्दे नजर रखते हुए नवागत थाना प्रभारी परशुराम डाबर की अध्यक्षता में आज थाना प्रांगण लवकुश नगर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई नवागत थाना प्रभारी ने थाने का चार्ज संभालते हुए सबसे पहले हर व्यक्ति से वार्तालाप हो जाए इस विषय में शांति समिति की बैठक रखी बैठक का मुख्य उद्देश्य है के सभी लोग इस पर्व को बड़े ही हंसी खुशी के साथ मनाएं कोई भी ऐसी घटना ना घटे जिससे हम आपको पछताना पड़े हाल ही में अभी पांच दिवसीय प्रकाश पर्व दीपावली उत्सव मनाया जाएगा जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चाएं हुई जैसे की पटाखा अच्छे से जलाएं पेरेंट्स की उपस्थिति में कोई भी घटना घटने से पहले यदि हो सके तो पुलिस से संपर्क बनाए रखें बेवजह किसी से मत उलझ आदि बिंदुओं पर चर्चाये हुई इस बैठक में लवकुश नगर के एसडीओपी नवीन दुबे, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, थाना प्रभारी परशुराम डाबर पत्रकार बंधु जन प्रतिनिधि आम आदमी सम्मिलित रहा सभी ने अपनी अपनी राय रखी।

***त्योहार हंसी खुशी के साथ मनाए एसडीओपी नवीन दुबे***

एसडीओपी नवीन दुबे ने हमें बताया कि सभी लोगों को प्रकाश पर्व दीपावली की बहुत-बहुत शुभकामनाएं सभी लोग त्योहार को बहुत अच्छे से मनाए *व्यापारियों के लिए भी उन्होंने एक संदेश दिया कि पटाखा बेचना कोई बुरी बात नहीं है आप बेच सकते हैं लेकिन एक लिमिटेड मात्रा में यदि आप ज्यादा मात्रा में पटाखे बेचना चाहते हैं तो इसके लिए लाइसेंस इशू कराए और गत स्थान पर पटाखे की दुकान लगाए।

***हर प्रकार से हम सुरक्षा के लिए 24 घंटे तैयार है परशुराम डाबर टी आई लवकुशनगर***

नवागत थाना प्रभारी परशुराम डाबर ने हमें बताया कि हम हर प्रकार से जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार है जितनी सेवा हमसे बनेगी हम करेंगे ट्राफिक व्यवस्था के लिए हमारे दो चार पुलिसकर्मी तैयार है माता बंबर बेनी के ऊपर भी हमने कुछ पुलिसकर्मी भेजने का निश्चय किया है जाम की स्थिति से निपटने के लिए हर प्रकार से तैयार है।

# किशनपुरा और कुई में पानी का संकट- एलएनटी कंपनी पर मिलीभगत का आरोप, ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांग




**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। दीपावली का पर्व निकट है और जहां लोग घरों में उत्सव की तैयारियों में व्यस्त हैं, वहीं जनपद पंचायत बकस्वाहा के ग्राम पंचायत किशनपुरा और कुई गांव के निवासी पीने के पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। चार दिनों से ग्रामीणों के घरों में पानी की आपूर्ति ठप है, जबकि इसी गांव की पानी की टंकी से खेतों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने एलएनटी कंपनी के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

***ग्रामीणों का आरोप- जनता के हिस्से का पानी निजी खेतों में***

मनोहर सरपंच के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने कुई गांव की पानी की टंकी का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने देखा कि टंकी की बाउंड्री वाल में छेद करके पाइपलाइन के माध्यम से पानी को पास के खेतों में छोड़ा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस घटना को एलएनटी कंपनी अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत का परिणाम बताया।

मनोहर सरपंच ने कहा, 卐यह जनता के हिस्से का पानी है, जिसे चोरी कर निजी खेतों में सिंचाई के लिए बहाया जा रहा है। यह एलएनटी कंपनी और प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत का नतीजा है। संपत यादव ने भी आक्रोश जताते हुए कहा, 卐यह शर्मनाक है कि दीपावली पर हमें पीने का पानी नहीं मिल रहा, जबकि हमारे हिस्से का पानी निजी लाभ के लिए खेतों में छोड़ा जा रहा है।

***प्रशासन पर आरोप- ग्रामीणों की मांग, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो***

प्रानसिंह लोधी ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा, 卐यह पानी जनता के लिए है, और एलएनटी कंपनी के अधिकारी अपनी मिलीभगत से इसे बेच रहे हैं। हम सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। अनिकेत लोधी ने कहा, 卐यह हमारे हक का पानी है, इसे चोरी कराना जनता के अधिकारों का हनन है। एलएनटी कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। भगवानदास अठिया ने गुस्से में कहा, 卐यह एलएनटी कंपनी और कर्मचारियों की मिलीभगत का नतीजा है। हमें दीपावली पर भी पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

***टंकी ऑपरेटर की सफाई***

ग्रामीणों ने टंकी ऑपरेटर दिनेश कुमार दुबे से सवाल किया कि पानी का निजी उपयोग कौन कर रहा है। दिनेश ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है और वह इस घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देंगे ताकि इस पर उचित कार्रवाई हो सके।

***एलएनटी कंपनी और तहसीलदार का स्पष्टीकरण***

एलएनटी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर सावन शर्मा ने कहा, 卐हमारी कंपनी गांवों में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए कार्यरत है। यदि किसी कर्मचारी द्वारा ऐसा किया जा रहा है, तो हम जांच कर दोषी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। वहीं, तहसीलदार भरत पांडे ने आश्वासन दिया कि यदि एलएनटी कंपनी के कर्मचारी दोषी पाए जाते हैं, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खजुराहो अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का दसय वर्ष भव्यता के साथ मनाया जायेगा- राजा बुन्देला

## सर्व श्रेष्ठ फिल्मों का होगा प्रदर्शन, किफ का दसवाँ वर्ष सुपर स्टार राजेश खन्ना को होगा सभर्पित, क्षेत्र की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**तुलसीदास सोनी**

खजुराहो। विश्व धरोहर की नगरी खजुराहों में खजुराहो अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर 2024 तक भव्यता के साथ मनाया जायेगा। फिल्म महोत्सब का दसवाँ वर्ष सुपर स्टार पद्मभूषण राजेश खन्ना को समर्पित होगा। बुन्देला रिसोर्ट में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए फाउन्डर निदेशक एवं परिकल्पक राजा बुन्देला ने बताया कि हमें खुशी है कि खजुराहो की जनता, एवं मध्य प्रदेश एवं केन्द्र सरकार के सहयोग से खजुराहो अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव अपने दस वर्ष का उत्सव मनाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि खजुराहो परिक्षेत्र में पांच टपरा टॉकीज का निर्माण किया जायेगा। इनके नाम राजेश खन्ना अभिनीत फिल्मों के नाम पर होंगे। नवोदित कलाकारों के लिए फिल्म एवं रंगमंच तकनीक कार्य शाला एवं मास्टर क्लास का विशेष आयोजन होगा। इस कार्यशाला में देश एवं विदेश के प्रतिभागी भाग लेंगे। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे । व्याख्यान सत्र में फिल्म समीक्षक पत्रकार एवं फिल्म विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए है। मुख्य मंच पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। कला, साहित्य, पत्रकारिता, समाज सेवा एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। इस बार सिनेमा गांव गांव टूरिंग टाकीज की शुरुआत कर रहे हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्मों को दिखाने का काम करेगी।



अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विदेश से केरोलिन फ्रांन्सिसचीनी (प्रसिद्ध मॉडल) टर्की, विल्माएलिस (अभिनेत्री) जैकी चैन के साथ काम कर चुकी अभिनेत्री लौरा (यू.एस.), छः भाषाओ की ज्ञाता अर्थशास्त्री एजलिन एड्रोविक, अनुराग आनन्द लेखक और कलाकार प्रतिभागिता कर रहे हैं। फिल्म स्वर्ग मुख्य मंच पर भी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी । साहित्य, समाज, कला एवं सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट करने वालों को सम्मानित किया जायेगा।

फ़िल्म आनन्द मुख्य द्वार फिल्म स्वर्ग मुख्य मंच फिल्म अपना देश प्रदर्शनी लोक कला, हस्त शिल्प, चित्र कला,ज्ञ्क्षस्नस्न 9 वर्ष की यात्रा प्रदर्शनी फ़िल्म आविष्कार सभागार नवोदित फ़िल्म कारों को प्रशिक्षण एवं व्याख्यान हेतु फ़िल्म अवतार टपरा टाकी ज क्षेत्रीय फ़िल्मकारों की फ़िल्म फ़िल्म रेड रोज़ टपरा टाकीज विदेशी फ़िल्म कारों की फ़िल्म फ़िल्म बावर्ची भोजन जलपान स्थल फ़िल्म आखिरी खत टपरा टाकीज सेना के वीर जवानों पर आधारित फ़िल्म फ़िल्फ छोटी बहु टपरा टाकीज मिशन शक्ति आधारित फ़िल्म अमृत टपरा टाकीज पानी और किसानी पर आधारित फ़िल्म प्रदर्शित की जाएगी ।

# फार्मास्युटिकल साइंस के नए क्षेत्रों में शोध के लिए नाईपर अहमदाबाद से अकादमिक साझेदारी महत्वपूर्ण कदम - कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

## विश्वविद्यालय और नाईपर अहमदाबाद के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर




परिहार गर्जना न्यूज। सागर. आज नाईपर अहमदाबाद में आयोजित एक विशेष एमओयू साइनिंग सेरेमनी में डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर और राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर), अहमदाबाद के बीच एमओयू साईन किया गया. उक्त सेरेमनी में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता एवं नाईपर अहमदाबाद के डायरेक्टर प्रोफेसर शैलेन्द्र सराफ ने एमओयू दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये. इस अवसर पर फार्मेसी के विभागाध्यक्ष प्रो यू.के. पाटिल और नाईपर अहमदाबाद के रजिस्ट्रार डॉ अवधेश नौटियाल, अधिष्ठाता डॉ अक्षय श्रीवास्तव सहित प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक उपस्थित थे. इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य फार्मेसी शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में समसामयिक शोध विषयों पर दोनों संस्थानों में उपलब्ध विशेषज्ञताओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को शेयर करना एवं नवाचार आधारित फार्मेसी शोध को क्रियान्वित करना है. इस एमओयू के अन्तर्गत हर्बल फॉर्मूलेशन, ड्रग डिलिवरी सिस्टम, मेडिसिनल केमिस्ट्री, कम्प्यूटर ऐडेड ड्रग डिजाइन, फार्मास्युटिकल बायोटेकनोलोजी के क्षेत्र में साझा शोध को विशेष महत्व दिया जाएगा.

# एकता समिति ने दीपावली के पूर्व वृद्धआश्रम में खुशियां बांटी



परिहार गर्जना न्यूज। सागर, दीपावली के पूर्व एकता समिति ने नवनिर्मित वृद्धाआश्रम आनंद आश्रम में वृद्धो के साथ हंसी खुशी के साथ मिष्ठान वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप समैया ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ राजेंद्र सोनी मामा ने मंगल भावना के साथ प्रारंभ किया। आनंद आश्रम में उपस्थित वृद्धो ने सर्वधर्म चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रार्थना की। इस अवसर पर आनंद आश्रम के प्रबंधक देवेंद्र सेन का भी पुष्पहार रोरी श्रीफल मिष्ठान से अभिनंदन किया। संजय शास्त्री ने कहा कि यहां पर आकर वृद्धो के साथ खुशियां बांटने में उनके चेहरे पर जो हंसी मुस्कान आती है इसे हमारे हृदय को भी आत्मिक प्रसन्नता होती है। निलेश समैया, चंपक भाई जैन ने कहा कि आनंद आश्रम नया भवन आधुनिक सर्व सुविधायुक्त बना है इस अवसर पर कमल चंद जैन, प्रमोद चौरसिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पटेल ने किया। देवेंद्र सेन ने आभार व्यक्त किया।

# सिंधी समाज उत्सव- सिंधी कॉलोनी में सभी वर्ग के लोगों ने सेलिब्रेट की प्री-दिवाली

## महिलाओं ने सिंदूर का टीका लगाकर प्री-दिवाली मनाई

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। दीपक की रोशनी, मकानों में डेकोरेशन, फूलों की सजावट, मिठाई की मिठास के साथ हर कोई दीपावली के उत्साह में झूमता दिखा। सिंधी समाज प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि सिंधी कॉलोनी में बच्चों से लेकर बड़ें, बुजुर्ग और महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर के साथ प्री-दिवाली सेलिब्रेशन किया। जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली संस्थापक लालचंद मेठवानी के मार्गदर्शन में सिंधी कॉलोनी झूलेलाल मंदिर में महिला मंडल के सदस्यों ने एक-दूसरे को सिंदूर का टीका लगाकर व गले मिलकर दीपावली मिलन समारोह मनाया। इस मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, रैना गोकलानी, कोयल शादीजा, सनाया नागवानी, कनक लोटवानी, मानसी दरयानी, वर्षा हासानी, काजल रोहरा, मोनिका मेठवानी आदि उपस्थित थी। सिंधु संस्कार समिति के सदस्यों ने बड़े बुर्जुगों, महिलाओं ने अपने घरों के बाहर मनमोहक रंगोली सजाई। खुशियों के इस त्योहार में लोगों ने सारे गिले शिकवों को मिटाकर एक-दूसरे को दिवाली की बधाई दी। इस मौके पर संस्थापक राजेश मनवानी ने कहा की इस बार दीपावली दीयों की रौशनी फुलझड़ियों के साथ मनाएंगे फटाखे नहीं जलाएंगे पटाखों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फ़र डाइऑक्साइड, और पार्टिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक पदार्थ होते हैं। इनसे सांस लेने में दिक्कत हो सकती है और अस्थमा के लक्षण बढ़ सकते हैं। पटाखों की आवाज़ से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे बीमार और दिल के मरीज़ों को नुकसान हो सकता है. पटाखों के धुएं से आंखों में लालिमा, जलन, या सूजन जैसी समस्या हो सकती है। इस अवसर पर राजेश मनवानी, सुरेश मोहनानी, अनिल जसवानी, निर्मल भोले, मोहित लालवानी, शंकर मोटवानी, सुनील मनवानी, अनिल गंगवानी आदि मौजूद रहे।



# संपूर्ण मध्य प्रदेश में चयन के उपरांत डॉ रामबाबू तिवारी एसके मुखर्जी अवार्ड से हुए सम्मानित

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा प्रदेश में सर्वे के उपरांत मिलता है किसी को एक को यह सम्मान

### शुभचिंतको समाजसेवी ईस्ट मित्रों द्वारा बधाई देने का लगा तांता था




राजेश बबेले

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ बीना क्षेत्र की जानी मानी हस्ती वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेवी 45 साल चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा देने पर डॉक्टर रामबाबू तिवारी को एसके मुखर्जी अवार्ड से किया गया सम्मानित। गौरतलब है कि डॉ रामबाबू तिवारी चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय से एक अच्छे चिकित्सक के रूप में क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित की है बचपन से ही संघर्षील लगनशील के साथ ही डॉक्टर तिवारी समाज सेवा का जज्बा भी इन्हें बचपन से ही मिला है डॉक्टर तिवारी के द्वारा बड़े से बड़ी बीमारियों का इलाज करना इनका बाएं हाथ का खेल है मरीजों की जांच मशीनों द्वारा तो बाद में प्राप्त होती है लेकिन डॉक्टर तिवारी मरीज को जांच करने के बाद तुरंत ही उसे बीमारी का नाम भी बात कर अपना इलाज शुरू कर देते हैं इनके द्वारा क्षेत्र में कई असहाय एवं निर्धन लोगों का इलाज भी आप समय-समय पर निशुल्क सेवाएं भी देते हैं।



उल्लेखनीय है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मध्य प्रदेश स्टेट ब्रांच द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेवी डॉ रामबाबू तिवारी को पद्म विभूषण डॉक्टर एस के मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड चिकित्सा क्षेत्र में अपना अनमोल योगदान प्रदान करने के लिए दिया गया इस दौरान मध्य प्रदेश इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर वाई सुब्बाराव ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ राजीव जैन,सेक्रेटरी डॉक्टर पुष्पराज भाटेले सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे ड्ड यह पुरस्कार डॉक्टर रामबाबू तिवारी (बीना) को संपूर्ण मध्य प्रदेश में चयन उपरांत चिकित्सा क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के 45 वर्ष का कार्य लिए के लिए दिया गया जिस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक सेवा में भाग लेते हुए निस्वार्थ रूप से विषम परिस्थितियों में भी चिकित्सा क्षेत्र में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान उनकी धर्मपत्नी कीर्ति तिवारी एवं उनका संपूर्ण डॉक्टर परिवार डॉ अभिषेक तिवारी, डॉक्टर दिव्या तिवारी डॉक्टर पल्लवी तिवारी चिरंजीव वैभव तिवारी फार्मासिस्ट श्रीमती शुभम तिवारी उपस्थित रही। सम्मान समारोह कार्यक्रम में बीना से डॉ अजब सिंह ठाकुर, डॉक्टर मेघवानी, डॉक्टर एनके जैन, एवं अन्य क्षेत्रों से आए डॉक्टर एसोसिएशन के सभी जन उपस्थित रहे।

# कार्यवाहक उच्च पदों पर पदोन्नत हुए अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक ने लगाए स्टार

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। परिहार गर्जना न्यूज। सागर पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रकाशित उपयुक्तता सूची वर्ष 2024 के तारतम्य में वर्तमान में वरिष्ठ श्रेणी शीघ्रलेखकों के रिक्त पदों पर सागर जिले में पदस्थ नरेश कुमार अहिरवाल, अनुदीप दीक्षित, श हर्ष कोष्टी , रविन्द्र अहिरवार कनिष्ठ शीघ्रलेखक से कार्यवाहक वरिष्ठ शीघ्रलेखक (निरीक्षक-अ) के उच्च पद पर कार्यवाहक प्रभार प्रदान किया गया। कनिष्ठ श्रेणी शीघ्रलेखको उनकी वरिष्ठता के आधार पर वरिष्ठ श्रेणी शीघ्रलेखक (निरीक्षक अ) के उच्च पद पर कार्यवाहक प्रभार दिया जाकर पदोन्नति प्रदान की गई हैं पदोन्नत हुए अधिकारियों को आज पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संजीव उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा ने स्टार लगाकर पदोन्नति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही पदोन्नत सभी अधिकारियों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों,साथी पुलिस अधिकारियो मित्रों ने भी सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी सागर जिले में पदोन्नत हुए सभी अधिकारियो ने अपना पदभार आज ग्रहण कर लिया।



# चार साल से खदानें बंद, शासन ने लगाया प्रतिबंध, खनिज माफियाओं का जारी दंद-फंद धड़ल्ले से हो रहा रेत का अवैध कारोबार, बिना नंबर डंफरो से हो रहा अवैध कारोबार

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले में चार साल से भले ही खदानें बंद हों, शासन ने प्रतिबंध लगा रखा हो, लेकिन खनिज माफियाओं द्वारा दंद-फंद रचकर अपने अवैध कारोबार को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। चौकानें वाली बात तो यह है की बिना नंबर डंफरों से रेत धड़ल्ले से थानों और चौकियों के सामने से तक निकलती नजर आ रही है। इस संबन्ध में कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवैध रेत



कारोबारियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया है। बताया गया है कि जिले में हो रहे अवैध उत्खनन पर काबू पाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेत्री श्रीमती किरण अहिरवार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने खनिज माफियाओं के फैले जाल पर अंकुश लगाने और माफि याओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया है। बताया गया है कि श्रीमती अहिरवार ने दिए गए आवेदन में कहा गया है कि टीकमगढ़ जिले में 04 वर्षो से खनिज विभाग के द्वारा खदानों की नीलामी नहीं हुई। खदानों से अवैध रेत का परिवहन बड़ी तेजी से अधिकारियों और कर्मचारियों के सह से हो रहा हैं। 04 वर्षों से खदानें बंद हैं, लेकिन रेत चोरी को खनिज विभाग के द्वारा नहीं रोक पाना, कहीं न कहीं अधिकारी, माफि याओं के साथ मिलकर अवैध उत्खनन करा रहें है। कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार ने कहा है कि टीकमगढ़ जिले में अन्य जिलों जैसे बड़ी घटना न हो जायें, जिस तरह से सिंगरौली में रेत माफिया ने किसान की जान ले लिया। शहडोल में खनन माफि याओं ने एएसआई की टैक्टर से कुचलकर हत्या कर दिया गया था। कहा गया है कि रेत खदानों से अवैध उत्खनन को लेकर खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारीए कर्मचारी अनजान बने हुए है। रेत के अवैध उत्खनन सें सरकार को लाखों रुपएं की राजस्व हानि हो रही है, लेकिन रेत खदानों से निकालने वाली रेत से माफि याओं को लाखों रुपएं की आमदनी हो रही है। शिकायत के बाद जांच और कार्यवाही किए जाने के नाम पर कुछ टैक्टर चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर विभाग खानापूर्ति कर लेता है। इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को है। श्रीमती अहिरवार ने टीकमगढ़ जिले में बढ़ते अवैध उत्खनन को रोकने पर जोर दिया है।

# अवैध कट्टा समेत छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बाइक बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। थाना लिधौरा पुलिस ने अवैध कट्टा समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की मोटर साइकिल भी बरामद की गई है। बताया गया है कि फरियादी की रिपोर्ट पर थाना लिधौरा मे अपराध क्रमांक 248/24 धारा 191 (2), 191 (3), 190, 109 बीएनएस 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम किया गया। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपराध के आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओ की जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी लिधोरा निरीक्षक जीएस बाजपेई के नेतृत्व मे पुलिस टीमें गठित की गई। गठित पुलिस टीमों द्वारा मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की सहायता से कड़ी मेहनत से गिरफ्तार कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं कट्टा जब्त किये गए । पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए



आरोपियों में राहुल सिंह पिता हुकुम सिंह ठाकुर उम्र 29 साल निवासी खुशीपुरा मोहल्ला लिधौरा, शैलेन्द्र यादव पिता हरनारायण यादव उम्र 24 साल निवासी जेवर थाना चंदेरा, रतिभान घोष पिता बीरन घोष उम्र 30 साल निवासी राम नगर थाना दिगौड़ा, संजय उर्फ संजीव अहिरवार पिता पूरनलाल अहिरवार उम्र 22 साल निवासी ढोंगा थाना देहात टीकमगढ़, आकाश घोष पिता सोने सिंह घोष उम्र 30 साल निवासी वर्माडांग थाना दिगौड़ा एवं बिट्टी उर्फ पवन पिता जग जीवन अहिरवार उम्र 23 साल निवासी सेगुंवा थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी के नाम शामिल हैं। इस कार्रवाई के दौरान निरीक्षक जीएस बाजपेयी, उप निरीक्षक मयंक नगायच, सउनि रविन्द्र दीक्षित, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र, प्रधान आरक्षक आदर्श मुनि, आरक्षक अंकुल, विमल, सौरभ, सुनील, अरविन्द्र, दिलीप, कृष्णकांत, महिला आरक्षक रोशनी, दीक्षा, आरक्षक चालक बृज प्रताप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रहवासी इलाकें में छापा मारकर पुलिस ने किए 6 बोरी अवैध पटाखे के जब्त

### व्यापारी अपने घर पर किये किए था अवैध पटाखों का भंडारण

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। इन दिनों दीवाली नजदीक आते ही अवैध तरीके से पटाखों का भंडारण कर व्यापारियों द्वारा जगह-जगह पटाखों की बिक्री की जा रही है। हादसों की आशंका को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि टीकमगढ़ जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों की सूचनायें एकत्रित कर उन पर कार्यवाही करने हेतु पुलिस कप्तान श्री मंडलोई द्वारा निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीता राम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ज्ञानेश्वरी माता मंदिर के सामने चकरा रोड टीकमगढ़ में बृजलाल साहू पुत्र स्वर्गीय गणेश प्रशाद साहू के घर पर रेड कार्यवाही कर उसके घर से भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए। इसके संबंध में आरोपी से मौके पर पटाखे आदि के भंडारण संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर मौके से उक्त अवैध पटाखे कीमती लगभग चौबीस हजार रुपए के जब्त कर आरोपी बृजलाल साहू पुत्र स्वर्गीय गणेश प्रशाद साहू के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 806/24 विस्फ ोटक अधिनियम 1884 की धारा 9ठ के अंतर्गत अपराध कायम कर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। इस कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्मा, उप निरीक्षक नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक अनुराग, आरक्षक संजय, महिपत, राम जी, गजेंद्र, पुष्प राज, महेंद्र, महिला आरक्षक आकांक्षा की सराहनीय भूमिका रही। कहा गया है कि इस तरह के पटाखों के अवैध भंडारण एवं संग्रहण पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध टीकमगढ़ पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

# रंग मंच से जुड़ने का रंगकर्मियों को मिलेगा अवसर, दिया प्रशिक्षण

## लोक कथाओं पर आधारित नाट्य कार्यशाला का समापन



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। स्थानीय नाट्य संस्था 'पाहुना लोक जन समिति' टीकमगढ़ द्वारा नगर के राज महल में लोक कथाओं पर आधारित पंद्रह दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के चयनित रंगकर्मियों को रंग प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में पाहुना संस्था के संस्थापक एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी संजय श्रीवास्तव ने स्थानीय प्रतिभाओं को अभिनेता की तैयारी पर विशेष जोर देते हुए प्रत्येक दिन शारीरिक अभ्यास एवं आवाज व सम्भाषण का अभ्यास कराया। साथ ही अभिनेता को स्वयं से जुड़ने के लिए योग और ध्यान का अभ्यास भी कराया। रंग प्रशिक्षण के साथ-साथ विजयदान देथा द्वारा लिखित राजस्थानी लोककथा ' फि तरती चोर' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'बज्जुर भडया' भी तैयार की गई, जिसका निकट भविष्य में मंचन किया जायेगा। बुंदेली नाट्य रूपांतरण व निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने स्वयं किया है। विगत ढाई दशक से पाहुना नाट्य संस्था अपनी बुंदेली लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन हेतु संकल्प भाव से सतत रंगकर्म में सक्रिय भूमिका निभा रही है। पाहुना की प्रत्येक नाट्य प्रस्तुति में बुंदेली बोली, लोक गीत-संगीत, क्षेत्रीय वेशभूषा व अन्य सामग्री का ही समावेश किया जाता है ताकि आज के तकनीकी युग की चकाचौंध में लोक सांस्कृतिक धरोहर को सहेजकर रख सकें और अपनी बुंदेली लोक व पारंपरिक कलाओं से नई पीढ़ी का साक्षात्कार करा सकें ।

***लोक कथाओं के महत्व को समझाया-***

लोक कथाओं पर केंद्रित इस कार्यशाला में स्थानीय प्रबुद्ध जनों तथा साहित्यकारों ने भी लोक कथाओं की परपंरा और महत्व के बारे में अपने विचार रखे। शिक्षाविद् फूलचंद जैन ने रूसी लोक कहानी 'मौत और सिपाही', अजय श्रीवास्तव ने बुंदेली लोक कहानी 'नव भडया' लोक कवि भाऊ 'नागदेवता' एवं विनीता नाग ने शिक्षाप्रद बुंदेली लोक कहानियां सुनाई। बताया गया है कि आशाराम चढ़ार मजना ने लोक संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। अंत में पाहुना के सचिव एवं ख्यातिलब्ध रंगकर्मी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि लोक कहानियाँ प्राचीन काल से ही हमारी वाचिक परंपरा का हिस्सा रही हैं।। घर-घर में दादा-दादी, नाना-नानी के अपने नाती-पोतों को मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद किस्सा कहानी सुनाते थे। इन कहानियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा भी मिलती थी और संस्कार भी दिए जाते थे। पर वर्तमान समय और परिवेश में तकनीकी विकास ने सब तहस-नहस कर दिया। बच्चे हों या बूढ़े सब मोबाइल में व्यस्त हैं। अंत में सबका आभार व्यक्त करते हुए संदीप ने कहा कि पाहुना के द्वारा समय समय इसी तरह अलग-अलग विषयों पर केंद्रित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जो युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति से जोड़ने में सहायक होगी। कार्यशाला में संदीप श्रीवास्तव, कुलदीप शर्मा, बृज किशोर नामदेव, मनोज राजपूत, राजेश विश्वकर्मा, फिजा रंगरेज, वृंदावन लाल अहिरवार, शबनम अहिरवार, मानस जैन, प्रसून तिवारी, किनाया नाग, संभव सक्सेना एवं वर्षा यादव ने भाग लिया।

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर, सराफा व्यापारियों को दी समझाईश

## संदिग्ध गतिविधियों की पुलिस को दें जानकारी-एसपी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस द्वारा दिवाली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा हेतु लगातार बैंकों, एटीएम, सराफ ा बाजार में चैकिंग की जा रही है। बताया गया है कि बैंकों, एटीएम, सराफ ा बाजारों में संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति एवं गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बैंक, एटीएम, सराफ ा दुकानदारों के कर्मचारियों सहित उपस्थित आमजन को लेनदेन में सुरक्षा के मानकों से अवगत कराया जा रहा है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा के मार्गदर्शन में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रान्तर्गत टीकमगढ़ पुलिस द्वारा भ्रमण किया जा रहा है एवं संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति एवं गतिविधि के संबंध में चैक किया जा रहा है। इसके साथ ही बैंक, एटीएम, सराफ ा स्टाफ को एवं आमजन को लेनदेन करते समय सुरक्षा के मानक अपनाने हेतु अवगत कराया जा रहा है। इस दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का संदेश दिया जा रहा है । टीकमगढ़ पुलिस द्वारा उपरोक्त कार्यवाही दैनिक रूप से निरंतर जारी रहेगी।

# सहायक आयुक्त ने किया पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण







परिहार गर्जना न्यूज। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में वार्षिक शैक्षणिक निरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संभाग द्वारा निरीक्षण किया जाता है। इस क्रम में केन्द्रीय विद्यालय संगठन जबलपुर संभाग के सहायक आयुक्त हीरालाल के नेतृत्व में पांच प्राचार्य एवं दो प्रधानाध्यापिकाओं की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एवं स्काउट गाइड कलर पार्टी ने सहायक आयुक्त एवं टीम का स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा योग की अद्भुत प्रस्तुति भी दी गई। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सहायक आयुक्त के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भूकंप से बचाव के लिए लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस दौरान तुषारिका जगवानी, मान्या दुबे, रिद्धिमा साहू को बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। खेल के क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए लक्ष्य मिश्रा ,अक्षत तिवारी, अग्नि अवस्थी तथा कला उत्सव के लिए समूह गान एवं समूह नृत्य के बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मलयालम गीत एवं बुंदेली लोक नृत्य ढिमरयाई की आकर्षक प्रस्तुति भी दी गई। विद्यालय के निरीक्षण के बाद सहायक आयुक्त द्वारा विद्यालय के अनुशासन, साफ-सफाई एवं प्रार्थना कार्यक्रमों की सराहना की गयी। प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने नवीन शिक्षा नीति 2020 को पूर्णत: लागू करने, अधोसंरचना के विकास पर जोर देने तथा डिजिटल लाइब्रेरी का सुझाव भी दिया।

पर्यवेक्षक दल में दमोह, जबलपुर, सतना, सागर, रीवा एवं सीधी केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अध्यापिका शामिल रहीं। विद्यालय प्राचार्य अमित दहिया ने सहायक आयुक्त द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाने तथा सीबीएसई बोर्ड में गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने का आश्वासन दिया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना। आयुष विभाग द्वारा शनिवार को ग्राम जरगवा तहसील रैपुरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 155 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही योग का महत्व बताया गया। हर्बल गार्डन के बारे में जानकारी प्रदान कर औषधीय पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया।

# पैथोलॉजी लैब और कलेक्शन सेंटर के संचालन में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

पन्ना। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि निजी पैथोलॉजी लैब का संचालन केवल योग्यताधारी पैथोलॉजिस्ट द्वारा ही सुनिश्चित किया जाए, जो मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम, 1987 की धारा 13 और 24 के तहत आवश्यक अर्हताओं को पूर्ण करते हों। कोई भी निजी प्रयोगशाला केवल तकनीशियन द्वारा संचालित नहीं की जा सकती। प्रयोगशाला तकनीशियन केवल उसी लैब में कार्य कर सकते हैं जो योग्यताधारी पैथोलॉजिस्ट द्वारा संचालित अथवा पर्यवेक्षित हो। प्रमुख सचिव ने समस्त निजी पैथोलॉजी लैब और कलेक्शन सेंटर के संचालन में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। ताकि आमजन को समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट उपलब्ध हों। इसके अलावा सभी निजी पैथोलॉजिस्ट को 15 दिनों के भीतर उन पैथोलॉजी लैब्स की सूची और अपने उपस्थिति समय की जानकारी, जिसमें वे सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे समय-समय पर इन लैब्स का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि इनका संचालन योग्यताधारी पैथोलॉजिस्ट की निगरानी में हो रहा है। साथ ही लैब्स में आवश्यक नैदानिक सेवाओं के उपकरण और अनुमतियाँ मौजूद हों। उल्लेखनीय है कि योग्यताधारी निजी पैथोलॉजिस्ट यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी जांचें उनकी सीधी निगरानी में हो रही हैं, केवल एक अतिरिक्त लैब में सेवाएं दे सकते हैं। ऐसे पैथोलॉजिस्ट, जो स्वयं की प्रयोगशाला नहीं चलाते हैं, वे जिले में अधिकतम दो लैब में ही विजिटिंग पैथोलॉजिस्ट के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

# ज्ञान के प्रकाश से संपूर्ण देश में अपने जिले को जगमग कर रहे जिले के गौरव युवा कवि सुमित ओरछा

## देश के लगभग प्रत्येक राज्य में कर चुके कविता पाठ

परिहार गर्जना न्यूज। ओरछा। निवाड़ी जिले में स्थित भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा के समीप स्थित एक छोटे से ग्राम ढील्हा में जन्म लेकर भगवान श्री राम राजा सरकार एवं मां सरस्वती के आशीर्वाद से संपूर्ण देश में अपने परिवार की अपने क्षेत्र की कीर्ति पहुंचा चुके सुमित ओरछा अब किसी पहचान के मोहताज नहीं रहे। सुमित ओरछा ने अपनी कविताओं के माध्यम से देश के कोने-कोने में और देश के प्रत्येक राज्य में अपने ज्ञान के प्रकाश से अपने क्षेत्र का नाम जगमग किया है। सुमित ओरछा का कहना है कि हम अपनी कविताओं के माध्यम से देश को भड़काने का नहीं बल्कि जगाने का काम करते हैं और राजनीति और काव्य पाठ में जो हमारी अभिलाषाएं थी वह लगभग पूरी हो रही है। सुमित ओरछा ने बताया कि हमारे देश की पहचान भगवान श्री राम, रामायण और गीता से है ताजमहल से नहीं है इसलिए हम अपनी कविताओं में रामायण और गीता को सर्वोपरि मानकर देश हित के लिए काव्य पाठ करते हैं।



### प्रारंभिक शिक्षा के साथ प्राप्त की तकनीकी शिक्षा

मां सरस्वती के विशेष कृपा पात्र सुमित ओरछा का जन्म एक बेहद छोटे से ग्राम ढीला में हुआ तथा कक्षा चतुर्थ तक की पढ़ाई सुमित औरछा ने ढीला से ही की इसके उपरांत कक्षा 5 से कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई ओरछा में करने के बाद आईटीआई की पढ़ाई भी सुमित ने ओरछा से ही की इसके साथ-साथ मेडिकल लाइन की भी तैयारी की तथा स्नातक और परस्नातक की पढ़ाई पूर्ण करके अपनी रुचि के अनुसार राजनीति और काव्य पाठ के क्षेत्र में कदम रखा।

### बहुत छोटी उम्र में बने पार्षद

मां सरस्वती की कृपा होने से काव्य पाठ में रुचि रखने वाले सुमित ओरछा की रुचि राजनीति में भी रही और मात्र 21 वर्ष की आयु में ही ओरछा नगरीय क्षेत्र में वार्ड नंबर 6 से सुमित ओरछा पार्षद चुने गए हालांकि सुमित ओरछा राजनीति में भी काफी ऊंचाइयों तक पहुंचे लेकिन सुमित औरछा ने राष्ट्र जागरण के लिए राजनीति को नहीं बल्कि कविताओं को माध्यम बनाया और आज संपूर्ण देश में कविता पाठ के माध्यम से राष्ट्र जागरण का काम कर रहे हैं।

### राजनीति में भी पहुंचे ऊंचाई पर

सुमित ओरछा मात्र 21 वर्ष की आयु में आयु में ओरछा नगर परिषद में पार्षद चुने गए और 2011 में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य भी नियुक्त हुए इसके उपरांत 2017 में ही मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा गौ संवर्धन बोर्ड टीकमगढ़ जिले में उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा 2018 में भाजपा के प्रवक्ता के रूप में कार्य किया इसके साथ-साथ प्रदेश में चले ऑपरेशन लोटस में भी भाजपा की ओर से विशेष जिम्मेदारी निभाई गई। सन 2019 में हुए लोकसभा के चुनाव में सुमित ओरछा ने सभी 29 लोकसभा क्षेत्र में कवि सम्मेलन के माध्यम से संगठन का कार्य किया और सुमित ओरछा की विशेष प्रतिभा को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा 2020 में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया इसके साथ-साथ ओरछा विकास प्राधिकरण में भी डायरेक्टर के रूप में सुमित ओरछा को मनोनीत किया गया।

### काव्य पाठ का पहला प्रयास रहा नाकाम

सुमित ओरछा का सही नाम सुमित मिश्रा है लेकिन भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा को अपनी पहचान बनाकर सुमित ने अपने नाम के आगे ओरछा लगाना प्रारंभ किया और 2008 में अपने पहले कविता पाठ का शुभारंभ करना चाहा लेकिन उनका यह पहला प्रयास नाकाम रहा जिसके लिए बताया गया कि सुमित ओरछा ने सन 2008 में केशव जयंती के अवसर पर ओरछा में आयोजित कवि सम्मेलन में वैलेंटाइन डे पर अपनी कविता लिखी और उसको कवि सम्मेलन में सुनाना चाहा लेकिन कुछ स्थानीय कवियों के द्वारा उनको मंच पर काव्य पाठ करने का अवसर नहीं दिया गया जिसके चलते सुमित ओरछा काफी उदास दिखे और उनकी इसी उदासी को देखते हुए देश के प्रख्यात कवि मनोहर मनोज ने सुमित ओरछा की प्रतिभा को देखते हुए सुमित ओरछा से कहा कि तुम्हें निराश और उदास नहीं होना है क्योंकि तुम्हें दूर तक जाना है और मनोहर मनोज कवि के द्वारा 20 अगस्त 2009 को सुमित ओरछा को काव्य पाठ के लिए कटनी बुलाया गया जहां उन्होंने अपना पहला काव्य पाठ श्रोताओं के सामने रखा और पहले ही काव्य पाठ से वाह वाही लूटना प्रारंभ कर दिया।

### देश के कोने-कोने में पहुंचा सुमित ओरछा का नाम

देश के प्रख्यात कवि मनोहर मनोज के बुलावे पर कटनी में अपना पहला काव्य पाठ कर अपनी प्रतिभा दिखा चुके सुमित ओरछा ने अपने पहले काव्य पाठ के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और आज देश के प्रत्येक राज्य और देश के कोने कोने में कविता पाठ के माध्यम से अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं द्य देश के नए उभरते हुए बाल कवियों को आगे लाने के लिए देश की प्रख्यात कवियों के द्वारा दिल्ली में सन 2010 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सुमित ओरछा के द्वारा कवि सम्मेलन के संचालन का दायित्व निभाकर देश के प्रख्यात कवियों के सामने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया जिसके चलते सन 2013 में सुमित ओरछा को राष्ट्रीय स्तर के जगदीश मित्तल काव्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

### आजाद के बलिदान दिवस को मनाया

भगवान श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में सतारा तट पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की अज्ञातवास स्थली रही है जो गुमनामी के अंधेरों में थी जिसको राष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए सुमित ओरछा के द्वारा सन 2008 में चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस का आयोजन किया गया जब सुमित ओरछा के पास अपने ही खर्च के लिए पैसे नहीं होते थे तब उन्होंने आजाद बलिदान दिवस का आयोजन किया और शहीद चंद्रशेखर आजाद के अज्ञातवास स्थल को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया हालांकि आजाद के बलिदान दिवस को लगातार आयोजित करने पर क्षेत्र के एक प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के द्वारा सुमित ओरछा पर कुछ आरोप भी लगाए गए थे लेकिन सुमित ओरछा ने उन आरोपों को आशीर्वाद मानकर अपना राष्ट्र हित का काम जारी रखा और आज भी सुमित ओरछा के द्वारा प्रतिवर्ष आजाद बलिदान दिवस मनाया जाता है। सुमित ओरछा की अभिलाषा है कि चंद्रशेखर आजाद शहीद स्मारक को भव्य रूप दिया जाए ताकि ओरछा आने वाले पर्यटक अमर शहीद के अज्ञातवास स्थल को भी जाने। राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर अपना काव्य पाठ करने वाले सुमित ओरछा की रुचि सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी रहती है जिसके चलते उन्हें ओरछा में आयोजित होने वाले केशव जयंती समारोह का संयोजक एवं ओरछा महोत्सव के आयोजन का भी संयोजक नियुक्त किया जाता है।

### राष्ट्र जागरण की मिली थी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

मध्य प्रदेश में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के पूर्व सुमित ओरछा को संगठन के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में राष्ट्र जागरण के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी जिसमें सुमित ओरछा के द्वारा लगभग 92 स्थानो पर जाकर अपने काव्य पाठ के माध्यम से राष्ट्र जागरण का काम किया गया था जिसमें लगभग 83 स्थानो पर राष्ट्रीयता को जीत मिली थी इसके साथ-साथ सुमित ओरछा को स्व मुलायम सिंह के भाई शीशुपाल यादव के द्वारा आयोजित किए जाने वाले चौधरी चरण सिंह की जयंती के आयोजन पर 23 दिसंबर को आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन के संचालन के लिए भी आमंत्रित किया गया है तथा 26 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा घोषित किए गए वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसंबर को सूरत में आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया गया है।

# सकल हिन्दू समाज एवं पुजारी महासंघ की संयुक्त बैठक ने लिया निर्णय 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी दीपावली





**राजकुमार दुबे**


परिहार गर्जना न्यूज। दमोह/सकल हिन्दू समाज एवं पुजारी पुरोहित कर्मकाण्ड महासंघ दमोह की संयुक्त धर्मसभा नीलकमल गार्डन में ज्योतिषाचार्य पं.श्री चन्द्रगोपाल पौराणिक, पं श्री मोनू पाठक संरक्षक, पुजारी महासंघ की अध्यक्षता मे एवं श्री कपिल सोनी सकल हिन्दू समाज जिलाध्यक्ष,श्री मोंटी रैकवार युवा जिलाध्यक्ष,श्री मनोहर घारू नगर अध्यक्ष व समस्त विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों, धर्माचार्यों, पंचांगकर्ताओं द्वारा सम्वत् 2081 (वर्ष 2024) में दीपावली पर्व को लेकर धर्मशास्त्रों पर व्यापक विचार-विमर्श एवं समस्त पंचांग सम्मत तिथियों के सूक्ष्म अध्ययनोपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है* कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में दीपावली का महापर्व इस वर्ष 31 अक्टूबर 2024, गुरुवार को मनाना शास्त्र सम्मत है एवं इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य दिन दीपावली मनाना शास्त्रानुसार नहीं है।

हमें विश्वास है कि इस सर्वसम्मत निर्णय के उपरांत पूरे देश में किसी भी प्रकार के भ्रम व संशय की संभावना नहीं है। सभी सनातन धर्मियों हेतु 31 अक्टूबर 2024 गुरुवार को प्रदोषकाल से मध्यरात्रि व्यापिनी कार्तिकी अमावस्या लक्ष्मी पूजन करना शास्त्रसम्मत होगा *एवं इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य दिन दीपावली मनाना शास्त्रसम्मत नहीं होगा। जिसमे पं.श्री राहुल पाठक जिलाध्यक्ष पुजारी पुरोहित कर्मकांण्ड महासंघ एवं अजय गर्ग जिला उपाध्यक्ष पुजारी महासंघ,पं.श्री हरिशंकर पाण्डेय जी महामंत्री पुजारी महासंघ के मार्गदर्शन में* श्री कैलाश प्यासी जी,पं. श्री नर्मदा प्रसाद गर्ग जी, पं. श्री रामकृपाल तिवारी जी, पं. श्री गोपाल जी रावत जी, )पं.श्री महेन्द्र गर्ग जी, पं. श्री विद्यासागर पाण्डे जी, पं. श्री जुगल तिवारी जी, पं. श्री पतिराम तिवारी जी, पं.श्री पं.श्री दुर्गेश तिवारी जी, पं. श्री दिनेश पाठक जी, पं. श्री ज्वाला प्रसाद तिवारी जी, पं. श्री आशीष दुबे जी (सगरा वाले), पं. श्री हेमंत पाठक जी, पं. श्री के.के.गर्ग जी परशुराम मंदिर,महेन्द्र दुबे जी राम मंदिर, पं.श्री सुदर्शन पाठक,ललित राजौरिया जी मड़वारी मंदिर आदि 50 से अधिक विद्वानों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का सफल संचालन सकल हिन्दू समाज युवा जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार और आभार नामदेव समाज जिला अध्यक्ष राजू नामदेव के द्वारा व्यक्त किया गया। इस दौरान सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी,सकल हिन्दू समाज संरक्षक राजीव राय सावजी,नगर अध्यक्ष राम मनोहर घारू, युवा जिलाध्यक्ष मोंटी रायकवार, लोधी समाज युवा जिला अध्यक्ष दयालु ठाकुर,नामदेव समाज जिला अध्यक्ष राजू नामदेव,दिलीप चौरसिया,लखन तंतुवाय,अनूप तिवारी, एडवोकेट मनीष चौबे,रीतेश ठाकुर (बग्गे), अखिलेश ठाकुर, देवेश खत्री सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# उपभोक्ता घर पर ही जांचें मिठाइयों की शुद्धता

## -खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने उपभोक्ताओं को बताए मिठाइयों में मिलावट -पता करने के आसान घरेलू रासायनिक परीक्षण





परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 28 अक्टूबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया ने दमोह जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार के अवसर पर बाजार से पैक्ड खाद्य सामग्री को खरीदते समय उसके लेबल पर बैच नंबर, पैकिंग डेट, बेस्ट बिफोर डेट, एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस नंबर, पोषक तत्वों की जानकारी, अव्ययों की जानकारी, एलर्जी एडवाइस संबंधी अंकित जानकारी जरूर देखें। मिठाई दुकानों में बिकने वाली मिठाइयों को जांच परख ही खरीदें। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने समस्त उपभोक्ताओं को मिठाइयों में मिलावट का पता करने के आसान घरेलू परीक्षणों की जानकारी दी है। इन घरेलू रासायनिक परीक्षणों की सहायता से उपभोक्ता भी अपने घर पर ही बाजार से लाई गई



मिठाइयों की शुद्धता को जांच सकता है।

***मिठाइयों में मिलावट का पता करने के आसान घरेलू परीक्षण***

स्टार्च, आरारोट, मैदा, सूजी, आलू की मिलावट - खोवा या दूध से निर्मित मिठाई में कुछ बूंद टिंक्चर आयोडीन की डालने पर अगर खोवा या मिठाई का रंग नीला बैंगनी हो जाये तो उसमें स्टार्च की मिलावट है।

कृत्रिम प्रतिबंधित फूड कलर की मिलावट - मिठाई की कुछ मात्रा पर तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के डालने पर अगर मिठाई का रंग गुलाबी हो जाये तो उसमें प्रतिबंधित कलर की मिलावट है।

डालडा या वनस्पति की मिलावट- मिठाई पर कुछ मात्रा सांद्र हाइड्रोक्लोरिक एसिड की डाले फिर उस पर शक्कर के दाने डालने पर अगर गहरा लाल रंग आये तो उसमें डालडा की मिलावट है।

नकली चांदी के वर्क की मिलावट - असली चांदी के वर्क को आग पर जलाने पर वह गोलनुमा गेंद के आकार में बदल जाता है जबकि एल्युमीनियम के वर्क कालिख में बदल जाता है।

सैक्रीन की मिलावट- मिठाई को खाने पर अगर मिठाई पहले मीठी लगे फिर बाद में मुँह में कड़वापन लगे तो मिठाई में शक्कर की जगह सैक्रीन की मिलावट है।

# बाजार मूल्य की गाइड लाइन वर्ष 2024-25 के प्रस्ताव पर आपत्ति एवं सुझाव 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक

दमोह 28 अक्टूबर। दमोह जिले की गाइड लाइन वर्ष 2024-25 की बैठक कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत निर्धारित विहित प्रक्रिया अनुसार वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षण हेतु प्रस्तावित गाइडलाईन हेतु 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2024 तक आमजन से आपत्ति तथा सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। 03 नवम्बर 24 के पश्चात आपत्ति, सुझाव प्राप्त नहीं किये जा सकेंगे। बाजार मूल्य की गाइड लाइन वर्ष 2024-25 के प्रस्ताव पर अवलोकन जिला पंजीयक कार्यालय दमोह एवं संबंधित मुख्यालय उप-पंजीयक कार्यालय दमोह, पथरिया, हटा, तेंदूखेड़ा, बटियागढ एवं जबेरा में कार्यालयीन समय में किया जा सकेगा।

## सर्वे दौरान शहरी क्षेत्र में मीजल्स रूबेला के 36 संभावित मरीज दर्ज हुये

दमोह - 28 अक्टूबर। शहरी क्षेत्र में मीजल्स रूबेला के मरीजों की पहचान हेतु सर्वे का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि शहरी क्षेत्र के सभी 39 वार्डो में सर्वे का कार्य टीम बनाकर किया जा रहा है, पिछले दो दिवस में 4,882 घरो का सर्वे किया गया जिसमें 36 मीजल्स रूबेला के संभावित मरीज दर्ज हुये। उन्होने बताया ज्यादातर मरीज 05 वर्ष से अधिक उम्र के मिल रहे है। मरीजों को आवश्यकतानुसार विटामिन ए की दो खुराक व अन्य टीकाकरण की सेवाऐं दी जायेगी। सर्वे कार्य में एएनएम, आशा, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता संयुक्त टीम बनाकर सर्वे का कार्य कर रही है।

# समाज के लिए पूरा जीवन समर्पित-रमेश खंगार (राष्ट्रीय अध्यक्ष)

## खंगार क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह संपन्न



**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर/खंगार क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह नोगाव के नाती राजा पैलेस नौगांव में भव्यता,दिव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार %नन्ना% जी, उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव एवं छतरपुर के जिले प्रभारी एडवोकेट लोकेंद्र सिंह परिहार,राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक मिर्धा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजू मुस्तरा ,राष्ट्रीय सचिव करन महजोली,महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शिल्पी राय, प्रदेश संगठन मंत्री विजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती,माता गजानन और प्रथम हिन्दू राज्य के संस्थापक महाराजा खेत सिंह खंगार के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर की गई,तत्पश्चात कार्यक्रम में दूर दूर से पधारे हुए सभी अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया और उनके सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुति की गई। क्षत्रिय परंपरा अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्ना को स्मृति चिह्न के रूप में शौर्य वीरता की परिचायक तलवार भेंट की गई, जिसे नन्ना ने माथे से लगाकर सम्मान को स्वीकारा। सभा में उपस्थित सभी समाज बंधुओं का तिलक लगाकर दशहरा की राम राम कर एक दूसरे से भेंट गले लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज बंधुओ को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी करण सिंह महजोली ने समाज के मुद्दों पर प्रकाश डाला।राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक मिर्धा ने महाराजा खेत सिंह खंगार जी के शौर्य वीरता का गौरवपूर्ण इतिहास बताया साथ हि उन्होंने सिंह नाम लगाने के पीछे की वीरता वाली जानकारी को भी समाज बंधुओ के सामने बताया। समाज को संगठित रहते हुए कार्य करने की बात कही,और काफ़ी अहम मुद्दे को भी सभी के समक्ष रखा।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्ना ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही और शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे प्रतिभावान बच्चे,बच्चियों को मंच पर बुलाकर,मेधावी सम्मान देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति देखकर नन्ना जी ने प्रसन्नता व्यक्त की।आर पी राय पूर्व प्राचार्य, जयप्रकाश वर्मा पूर्व प्रधानाध्यापक ने भी संबोधित किया।यह कार्यक्रम पूरे जिले की खंगार समाज के द्वारा उनके सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें विकास संघ के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह राय (कल्ली) तथा युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह राय (पत्रकार) सहित नरेंद्र सिंह, रविकरण सिंह, जय सिंह, विजय सिंह,अरविंद वर्मा, भारत सिंह, नागेन्द्र सिंह, अमर सिंह, गोविंद सिंह, भानसिंह, शिवराम सिंह आदि की कई दिनों की कड़ी मेहनत से संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में नौगांव, छतरपुर,वीरपुरा,दौरिया, ग़रौली, खरका, लुगासी, धर्मपुरा,राजनगर, खजुराहो, टिकरी,बारीगढ़, उर्दमऊ, गुलगंज, बक्सवाहा, सटई, चंद्रनगर, अनगौर, टीकमगढ़, रैपुरा कला, टेलीपहड़ी, लेवा, महोबा, सिजारी, देवरा, बिला, आदि एवं समस्त छतरपुर जिले की खंगार क्षत्रिय समाज बंधु उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अरुण सिंह(लेव वाले)छतरपुर,तथा समस्त पदाधिकारी एवं जिले की समाज का आभार ज़िला अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह राय उर्फ (कल्ली), युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह राय(पत्रकार)द्वारा किया गया।

# केएमयू में आयोजित तीन दिवसीय 68वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता देशभक्ति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न

## -तीन दिवसीय प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियनशिप मथुरा और फिरोजाबाद ने की हासिल

## -स्टूडेंट लाइफ से बढ़िया कोई लाइफ नहीं होती - किशन चौधरी



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। सौंख रोड स्थित पाली डूंगरा के केएमयू में आयोजित तीन दिवसीय 68वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन सत्र में देशभक्ति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों बीच सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें बालक वर्ग में मथुरा और बालिका वर्ग में फिरोजाबाद ने ओवरऑल चैंपियनशिप एवं बालक वर्ग में फिरोजाबाद, बालिका वर्ग में आगरा उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक निरंजन सिंह सोलंकी सह-संयोजक पुष्पेन्द्र ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। समापन सत्र के दौरान स्कूली छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुती देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मनवीर ने किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा कि खेल हमारे शरीर के लिए महत्वपूर्ण है, वहीं शिक्षा के साथ संस्कार होना भी अति आवश्यक है। खेल हमें जोड़ने का काम करते हैं, खिलाड़ियों को असफलता मिलने पर कभी निराश नहीं होना चाहिए। हमें एक दूसरे से सदैव जुड़े रहना चाहिए। खेलों से युवाओं में आगे बढ़ने बढ़ने की भावना विकसित होती है, इसलिए खेल प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा बननी चाहिए। स्टूडेंट लाइफ से बढ़िया कोई लाइफ नहीं होती है, इसलिए खूब मन लगाकर आप सभी पढ़े। आप अगर आईएस अधिकारी बनने की ठान ले तो आप जरूर अधिकारी बनेंगे। खेल के ही माध्यम से भी आप विश्व में अपना नाम रोशन कर सकते है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी चैम्पियन, उप विजेता, वर्ग चैम्पियन व्यक्तिगत चैम्पियनशिप विजेताओं को पुरूस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

इससे पूर्व तीन दिवसीय 68वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और जिला सह विद्यालय निरीक्षक यशपाल सिंह, थाना मगोर्रा प्रभारी मोहित, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. डीडी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, रजिस्टार पूरन सिंह, सब रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल निरंजन सिंह सोलंकी, पुष्पेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया।

अंदर 14 श्रेणी में बालक का खिताब विष्णु यादव फिरोजाबाद ने जीता। जबकि बालिका वर्ग में कविता आगरा विजयी रही। अनादर 17 श्रेणी में बालक का खिताब फिरोजाबाद के सचिन, राजवीर ने और बालिका वर्ग में मंजेश आगरा, रंजन मथुरा, डौली फिरोजाबाद ने अपना वर्चस्व कायम रखा। वही अंदर 19 सीनियर बालक कपिल मथुरा, शिवम आगरा और सीनियर बालिका ज्योति, रामदुलारी ने बाजी मारी। वहीं वर्ग चैम्पियनशिप में 14 बालक बालिका फिरोजाबाद, मथुरा रहे, 17 बालक-बालिका में मथुरा, 19 बालक में फिरोजाबाद मथुरा विजयी रहे। कार्यक्रम में मंचासीन प्राचार्यों में सुरेश, कमल, डा. राकेश माहेश्वरी, चन्दभान सिंह यादव, श्रीमतीराधा भारद्वाज, श्रीमती दीपा चौधरी, श्रीमती रेनू, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती विजयलता चौधरी, डा. दिनेश राना, डा. देशराज सिंह, डा. नारायण सिंह, रवेन्द्र सिंह, डा. विनय, प्रेमपाल यादव, डा. वृषभान गोस्वामी, श्याम चौधरी, श्यामबाबू बाबूलाल सागर, विवि के डीन डा. धर्मराज, प्रशासनिक अधिकारी अजय तौमर, राजेश बाबू ने सभी खिलाड़ियों के खाने-पीने अन्य जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है।

# विस्फोटक सामग्री का अवैध भंडारण करते पाए जाने पर माल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा कांबिंग गस्त के दौरान नगर के वार्ड नंबर 1 में निवास कर रहे अशोक कोरी के निवास से अवैध रूप से रखी गई विस्फोटक सामग्री जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। थाना कोतवाली प्रभारी कमलेश सोनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अवैध विस्फोटक सामग्री के क्रय विक्रय करने के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर के निर्देशन में कोतवाली थाना पुलिस टीम के द्वारा की जा रही कांबिंग गस्त के दौरान अवैध विस्फोटक सामग्री जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज मध्य रात्रि में नगर के वार्ड नंबर एक में निवास करने वाले निगरानी बदमाश आरोपी अशोक कोरी के निवास से अवैध रूप से गोला बारूद विस्फोटक सामग्री जप्त की गई जिसमें पटाखा बनाने के लिए एक बोरी में रखे लगभग 300 नलकी दो प्लास्टिक की बोरी में बड़े खाकी नलकी वाले पटाखे इसके साथ-साथ एक और प्लास्टिक की बोरी में छोटी नलकी वाले पटाखे लगभग 40 पैकेट तथा प्लास्टिक के थैली में काली बत्ती धागा बारूद वाली बत्ती के साथ-साथ अन्य विस्फोटक सामग्री जप्त की गई जिसके उपरांत निगरानी बदमाश अशोक कोरी के कब्जे से विस्फोटक सामग्री जप्त करने की कार्यवाही कर अपराध क्रमांक 370/ 24 धारा 288 बीएनएस 5/9(1) बी विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश सोनी उप निरीक्षक जयराम कुशवाहा प्रधान आरक्षक नितिन तिवारी आरक्षक राहुल मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।



# श्री राम ज्योति पहुंची महावन, गोकुल, बलदेव, बृजवासियों ने किया भव्य स्वागत



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा राम जन्मभूमि अयोध्या से लाई गई दिव्य राम ज्योति आज अपने चौथे चरण में ब्रज के प्रमुख देवालयों से होती हुई, 84 खम्मा मंदिर महावन पहुंची वहां ज्योति का सम्मान के साथ स्थानीय तीर्थ पुरोहितों ने भव्य स्वागत किया पुष्प वर्षाके साथ स्थापित किया गया ज्योति गोकुल होते हुए भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण के बड़े भाई दाऊजी महाराज के प्रांगण में बलदेव पहुंची वहां उपस्थित हजारों की संख्या में सेवायत एवं श्रद्धालुओं ने आचार्य हेमंत कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में ज्योति पर पुष्प वर्षा की श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह मामले के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा ने कहा कि अयोध्या से दिव्य ज्योति स्वामी ज्ञान सागर जी महाराज द्वारा लाई गई है जो न्यास के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं ज्योति लाने का उद्देश्य भगवान राम के मंदिर निर्माण के बाद प्रथम दिवाली ब्रज में मने वह भी राम ज्योति के साथ सभी देव स्थानों पर ज्योति को स्थापित किया गया है जिससे बृजवासी ज्योति में से ज्योति प्रचलित कर दीपावली मना सके राष्ट्रीय संयोजक ज्ञान सागर जी महाराज, एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक, ने कहा कि पांच दिवसीय इस आयोजन में 51 देवस्थानों पर ज्योति को स्थापित किया गया है ज्योति के माध्यम से समरसता का भाव जागृत हो रहा है ब्राह्मण से लेकर वाल्मीकि तक इस ज्योति की महिमा का गुणगान कर रहे हैं समरसता के संयोजन से संपूर्ण ब्रजमंडल प्रफुल्लित है इस अवसर पर प्रमुख रूप से , पं जय राम शर्मा, सुखराम सिंह,पं राजेश कृष्ण शास्त्री, ठा नरेश सिंह, पवन पांडे, चंद्रशेखर पांडे, रवि शर्मा, आदि हजारों की संख्या में बृजवासी उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने घोषित की अपनी टीम,निवाड़ी जिले की दो महिला कांग्रेस नेत्रियों को मिली जगह

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश में लगभग 10 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा मध्य प्रदेश कांग्रेस में बदलाव करते हुए जीतू पटवारी को कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था और अब कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के काफी समय बीत जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अपनी टीम की घोषणा की गई है जिसमें निवाड़ी जिले की दो कांग्रेस महिला नेत्रियों को जगह दी गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की टीम में 17 उपाध्यक्ष 71 महासचिव 16 कार्यकारिणी सदस्य 33 स्थाई आमंत्रित सदस्य और 40 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं जिसमें निवाड़ी जिले की कांग्रेस महिला नेत्री टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ चुकी तथा जतारा आरक्षित विधानसभा सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी श्रीमती किरण अहिरवार को एवं निवाड़ी जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती रोशनी यादव को प्रदेश टीम में शामिल करते हुए प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। महिला कांग्रेस नेत्री श्रीमती किरण अहिरवार एवं श्रीमती रोशनी यादव को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की टीम में महासचिव के रूप में शामिल किए जाने पर निवाड़ी जिले सहित प्रदेश के अनेक कांग्रेसी नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा बधाई और शुभकामनाएं दी गई है।

# भाजपा ने प्रारंभ की संगठन निर्वाचन की प्रक्रिया,नियुक्त किए जिला निर्वाचन अधिकारी

निवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगभग डेढ़ माह तक चलाय गये प्राथमिक सदस्यता अभियान और उसके उपरांत वर्तमान में चलाए जा रहे सक्रिय सदस्यता अभियान के उपरांत अब संगठन के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है जिसमें सर्वप्रथम प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए और अब प्रदेश चुनाव अधिकारी के द्वारा जिले में संचालित की जाने वाली निर्वाचन प्रक्रिया के लिए जिला निर्वाचन टीम की घोषणा की गई है जिसमें निवाड़ी जिले में कमल माखीजानी को जिला चुनाव अधिकारी इसके साथ-साथ डॉ नंदकिशोर नापित को सह चुनाव अधिकारी एवं मुकेश दांगी को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। और अब ऐसा माना जा रहा है कि दीपावली पर्व के उपरांत जिले में संगठन के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है।

# मूंगफली के दाम सही नहीं मिलने से भड़के किसान, मंडी कर्मचारियों और व्यापारियों पर लगाया मिलीभगत का आरोप

## किसानों की उपज नीलामी बोलने पहुंचे थे दो व्यापारी





**सुरेन्द्र सिंह राजावत**

परिहार गर्जना न्यूज। हरपालपुर। हरपालपुर कृषि उपज मंडी में इस समय मूंगफली की अच्छी आवक हो रही है। इस क्षेत्र में मूंगफली का उत्पादन बड़े स्तर पर किसानों द्वारा किया जाता है। एमपीयूपी के किसान बड़ी संख्या में कृषि उपज मंडी हरपालपुर मूंगफली बेचने आते हैं। लेकिन मंडी कर्मचारियों और व्यापारियों की मिलीभगत के चलते किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिलता नहीं दिख रहा हैं।

सोमवार को मंडी में मूंगफली की उपज लेकर मंडी पहुँचे किसानों के सामने अजीब समस्या आ गए। जब उनकी मूंगफली की डाक नीलामी बोलने सिर्फ दो ही व्यापारी पहुंचे। जब करीब एक सैकडा से अधिक किसान ट्रैक्टर ट्राली में मूंगफली की उपज लेकर मंडी में बिकवाली के लिए बैठे थे। शाम 4 बजे के लगभग किसानों की उपज की डाक नीलामी बोलने से व्यापारियों द्वारा इंकार कर देने मूंगफली के दाम कम मिलने से नाराज किसानों ने हंगामा कर दिया।किसान बड़ी संख्या में जाम लगाने के लिए जाने लगे। मंडी कर्मचारियों की सूचना तुरंत थाना पुलिस मौके पर पहुँच गई। किसानों को जाम न लगाने की समझाइस दी गई। किसानों का आरोप था कि यहां पर व्यापारियों द्वारा किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। व्यापारियों द्वारा जानबूझकर कम बोली लगाई जा रही हैं। सिर्फ दो व्यापारी ही डाक नीलामी बोलने पहुँचे हैं। किसानों का कहना था कि कम दाम लगाकर उनकी उपज खरीदी जा रही है, जबकि उनकी लागत भी इस मूल्य में नहीं निकल रही है।

किसानों ने आरोप लगाया कि हरपालपुर कृषि उपज मंडी के कर्मचारी व्यापारियों के साथ मिले हुए हैं। यहां पर किसान जब अपनी फसल तैयार कर बेचने के लिए आता है तो उनके कम दाम लगाए जाते हैं। मंडी कर्मचारियों से जब इसकी शिकायत की जाती है तो कोई सुनवाई नहीं होती। मंडी सचिव इस दौरान मंडी में नहीं थे। किसानों का कहना था कि व्यापारी उनकी उपज का कम दाम दे रहे हैं, जिसमें उनकी लागत भी नहीं निकल रही। मंडी के अधिकारी शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

किसानों के हंगामे की सूचना मिलते ही पहुंचे तहसीलदार रंजना यादव और नायाब तहसीलदार पूजा भोरहरी आरआई आर जी गुप्ता,मन्नू लाल अहिरवार हल्का पटवारी प्रदीप पाठक ,आशीष पांडेय गोपाल मिश्रा की कृषि उपज मंडी के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी। लेकिन किसानों ने इन अफसरों के सामने भी मंडी कर्मचारी व व्यापारियों के खिलाफ आरोप लगाया। किसानों ने बताया कि आज से मंडी पांच दिनों के लिए बंद होने जा रही है ऐसे में जानबूझकर व्यापारी डाक नीलामी बोलने नहीं आये हैं बिना नीलामी के अपने गोदाम मूंगफली बेचने को बोल रहे हैं। कल धनतेरस हैं हम लोग भाड़े के ट्रैक्टर से माल लाये हैं इस डाक नहीं होने हम आर्थिक नुकसान होगा।

तहसीलदार रंजना यादव द्वारा किसानों और व्यापारियों की बात अगल अगल सुनने के पश्चात डाक नीलामी दुबारा शुरू करवाई। साथ किसानों को समझाइश दी वो मूंगफली की उपज साफ कर लाये जिस में मिट्टी लकड़ी कम जिस उनको उनकी उपज का सही दाम मिल सकें। साथ ही व्यापारियों से कहा कि वो किसानों की उपज सही दाम बोले किसानों को बेवहज परेशान मत करें।

***मंडी सचिव मंडी से नदारत होने जताई नाराजगी***

किसानों के हंगामे की सूचना पर हरपालपुर मंडी पहुँची तहसीलदार रंजना यादव द्वारा कृषि उपज मंडी सचिव के बिना सूचना के मंडी से नदारत रहने सख्त नाराज़गी जताई नोटिस देने की बात कही। वही किसानों समस्याओं को देखते हुए मौके पर पंचनामा बनाने की कार्यवाही की गई।

**इनका कहना**

मंडी में किसानों हंगामे की सूचना पर पहुँची थी। किसानों और व्यापारियों दोनों से बात कर समस्या को सुना। दोनों समझाई देकर दुबारा नीलामी शुरू करवाई गई हैं किसानों को अपनी उपज साफ कर लाने को कहा हैं साथ ही व्यापारियों को सख्ती से कहा यदि वो किसानों की उपज खरीदने में गड़बड़ी करते हैं तो लाइसेन्स निरस्त करने की कार्यवाही होगी। किसानों किसी भी तरह समस्या उनकी उपज बिक्री नही आनी चाहिए।

***रंजना यादव तहसीलदार नौगांव***

## आज सुबह 10:31 बजे शुरु होगी त्रयोदशी तिथि, पूरे 26 घंटे रहेगा खरीदारी का शुभ मुहूर्त



भोपाल। पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत आज धनतेरस 29 अक्टूबर मंगलवार से शुरू होगा। इस दिन भगवान कुबेर और भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। धनतेरस के दिन लोग सोना, चांदी और बर्तन खरीदना शुभ और फलदायी माना जाता है।

त्रयोदशी तिथि का आरंभ 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनिट से हो रहा है, जिसका समापन अगले दिन 30 अक्टूबर को दोपहर बाद एक बजकर 15 मिनट पर होगा। धनतेरस पूजा के लिए शुभ मुहूर्त की शुरुआत गोधूल काल में मंगलवार 29 अक्टूबर शाम छह बजकर 31 मिनट से आठ बजकर 13 मिनट तक रहेगी इस तरह धनतेरस पर भगवान धन्वंतरी, गणेश और कुबेर जी की पूजा के लिए कुल एत घंटा 41 मिनट का समय मिलेगा। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि दिवाली उत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है। कार्तिक महीने की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई जाती है इस दिन भगवान धन्वंतरी और माता लक्ष्मी के साथ धन के देवता कुबेर की पूजा का विधान है। धनतेरस के दिन लोग सोना, चांदी और बर्तन खरीदते हैं।

***धनतेरस पर खरीदारी का शुभ मुहूर्त***

धनतेरस के दिन पूजा पाठ के साथ ही खरीदारी का भी विशेष महत्व है इस दिन लोग सोना, चांदी और बर्तन खरीदना शुभ मानते हैं। इस बार 29 नवंबर को सुबह 10बजकर 34 मिनिट से अगले दिन दोपहर एक बजे तक खरीदारी कर सकते हैं।

***धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि पूजा***

धनतेरस के दिन ही आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरी प्रकट हुए थे। ये देवताओं के वैद्य थे। इस दिन धन्वंतरी देव की पूजा करने से सभी शारीरिक रोग नष्ट हो जाते हैं। जिस अमृत कलश के लिए समुद्र मंथन किया गया था, उसे धन्वंतरि ही लेकर बाहर निकले थे। इन्हें आयुर्वेद का प्रणेता और चिकित्सा क्षेत्र में देवताओं के वैद्य के रूप में जाना जाता है। धन्वंतरि आरोग्यता प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। मान्यता है कि इनकी पूजा से रोगों से मुक्ति मिलती है और आयोग्यता की प्राप्ति होती है।

***धनतेरस पर पूजा विधि***

धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में धन्वंतरि देव के साथ मां लक्ष्मी और कुबेर देवता की तस्वीर या मूर्ति स्थापना करें। इसके बाद कुबेर देव और धन्वंतरि देव की पूजा करें।फिर घी का दीपक जलाएं और शाम में द्वार पर भी दीपक जलाएं. धनतेरस के धन्वंतरि देव को पीली मिठाई का प्रसाद के रूप में भोग लगाएं।उसके बाद मंत्रों का जाप करें और आरती करें।

## राजनगर पुलिस ने जप्त की 10 पेटी देशी मदिरा

छतरपुर। थाना राजनगर पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान पथरया तिगैला के पास से एक व्यक्ति के अवैध शराब ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संबंधित स्थान पथरया तिगैला पर पहुंची। एक व्यक्ति यात्री प्रतीक्षालय के पीछे से निकलकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे संदेह के आधार पर पकड़ा गया। यात्री प्रतीक्षालय के पीछे तलाशी लेने पर 10 पेटी देशी मदिरा प्लेन प्रिंस के कुल मात्रा 90 लीटर कीमत करीब 60 हजार रुपये की जप्त की गई। आरोपी महेश पटेल पिता संतोष पटेल निवासी केशरीपुरा खजवा थाना राजनगर द्वारा अवैध शराब बेचना स्वीकार किया गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजनगर उपनिरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा, उप निरीक्षक केएल दाहिया, मनभरण सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्यप्रकाश बाजपेयी, हेमराज यादव, आरक्षक संजय सिहं, शिवकुमार पाल, अंकित द्विवेदी, शत्रुघन कुशवाहा, प्रभात द्विवेदी, संतोष सिंह, धीरेन्द्र पटेल आर. चालक नारायन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने नशीली दवायें बेचने वाले को किया गिरफ्तार

छतरपुर। विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सटई रोड में एक संदेही के पास से नशीली सामग्री छुपकर बेचने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए संबंधित स्थान रेलवे पुल के पास पहुंची। संदेही झाड़ियां के पीछे एक कार्टून लिये बैठे था, कार्टून खुलवाकर चेक करने पर दवा के सीरप कोडीन फास्फेट एण्ड ट्राई प्रोलीडीन हाइड्रोक्लोराइड सीरप की 25 सीसी कीमत करीब 4 हजार रूपए मिली। उक्त सीरप नशे के रूप में उपयोग में लाने हेतु बेचा जा रहा था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।




नशीली सिरप को बेचने वाला आरोपी जितेंद्र उर्फ अजय नागर पिता श्रीचंद्र नागर निवासी ग्राम देवीखेड़ा थाना लवकुशनगर हाल संध्या विहार कॉलोनी सटई रोड छतरपुर को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी का कृत्य दंडनीय पाए जाने से थाना सिविल लाइन में स्वापक औषधि और मन प्रभावित पदार्थ अधिनियम तथा मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक बाबूलाल, सहायक उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र, प्रधान आरक्षक जय वेदी, आरक्षक अजय सिंह, भूपत सिंह, हरेंद्र एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321